# जय नारायण व्यास विभवविद्यालय, जोधपुर
## (परीक्षा विभाग)

**स्वयंपाठी (Private)/पूर्व छात्र (Ex-Student) परीक्षा–2022 हेतु ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरकर संग्रहण केन्द्र पर जमा करने हेतु आवदकों के लिए सामान्य मार्ग दर्शन :**

1. परीक्षार्थी अपना हाल ही में खिंचवाया हुआ पासपोर्ट साईज फोटो एवं एक सफेद सादे पेपर पर काले या नीले पेन से हस्ताक्षर कर स्केन करें साथ ही पूर्व की अंकतालिकाएं भी स्केन कर परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र में निर्धारित स्थान पर अपलोड करें।

2. ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन भरते समय परीक्षार्थी ध्यान रखें कि परीक्षा का नाम सही–सही चुनें एवं आवेदन में आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, अपनी श्रेणी यथा सामान्य, ओ.बी.सी., ए.सी., एस.टी., एस.बी.सी., उप श्रेणी यदि कोई लागू हो यथा विकलांग, अल्पसंख्यक इत्यादि का सही सही उलेख करें। नाम की वर्तनी (spellings) अपने दस्तावेजों के अनुसार सही–सही भरें।

3. आवेदक परीक्षा केन्द्र हेतु माँगा जाना वाले स्थान वरीयता क्रम में (in preference order) भरें परन्तु परीक्षा केन्द्र बैठक की उपलब्धता एवं अन्य व्यवहारिक बातों को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केन्द्र का आवटन का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा।

4. यदि परीक्षार्थी (केवल अंतिम वर्ष) कोई प्रयोगात्मक (Practical) विषय चुनना चाहता है तो आवेदन पत्र भरने से पूर्व सम्बन्धि विभाग/संस्थान कार्यालय से सम्पर्क करें तथा अधिकृत अधिकारी से इस हेतु नियमानुसार स्वीकृति प्राप्त करें। स्वीकृति की प्रति आवेदन–पत्र की प्रिन्ट प्रति के साथ आवश्यक रुप से संलग्न करें। अधिकृत अधिकारी की स्वीकृति के अभाव में आप कोई प्रयोगात्मक (Practical) चुनने के अधिकारी नहीं होंगे तथा विश्वविद्यालय को आपका परीक्षा आवेदन–पत्र निरस्त करने का अधिकार होगा।

5. यदि आवेदक इस विश्वविद्यालय में पूर्व में पंजिकृत (Enrolled) नहीं है तो आवेदन–पत्र के साथ उपलब्ध पंजिकरण आवेदन–पत्र (Enrolled Form) सहित सभी प्रविष्ठियां सही–सही भरें।

6. ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के पश्चात परीक्षार्थी आवेदन पत्र का सावधानी पूर्वक अवलोकन करें तथा यदि सभी प्रविष्टियाँ सही हो तो सबमिट कर प्रिन्ट लें। प्रिन्ट प्रति का पुनः ध्यानपूर्वक अवलोकन करें अग्रेषण केन्द्र से आवेदन पत्र जॉच करवाने के पश्चात ही शुल्क ई–मित्र एवं ऑनलाईन बैंकिंग से जमा करावें तथा सभी प्रविष्ठयाँ सही हो तो चालान के माध्यम से अधिकृत ई–मित्र एवं ऑनलाईन बैंकिंग में शुल्क जमा की तिथि अंकित करते हुए शुल्क जमा करावें। आवेदक परीक्षार्थियों को पुनः हिदायत दी जाती है कि शुल्क जमा करने से पूर्व अपने परीक्षा आवेदन–पत्र की सभी प्रविष्ठयों को सावधानी पूर्वक जाँच लें उसके बाद ही शुल्क जमा करावें। परीक्षा आवेदन–पत्र में यदि कोई अशुद्धि है तो आप सुधार करते हुए पुनः ऑन–लाईन आवेदन–पत्र भर कर प्रिन्ट लें तथा उसके साथ उपलब्ध चालान (आवेदन–पत्र एवं

चालान पर अंकित नम्बर समान होने चाहिये) द्वारा शुल्क जमा करावें। इसमें एक प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करें तथा चालान की केन्डीडेट कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें।

7. शुल्क जमा करने के पश्चात परीक्षार्थी आवश्यकतानुसार आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित मूल दस्तावेजों / स्व–प्रमाणित दस्तावेजों को संलग्न करते हुए किसी संग्रहण केन्द्र पर जाँच करवाकर जमा करावें :

क) शुल्क जमा के मूल चालान प्रतियाँ संलग्न करें।

ख) यदि आवेदक इस विश्वविद्यालय में पूर्व में पंजिकृत (Enrolled) नहीं है तो आवेदन–पत्र के साथ पंजिकरण आवेदन–पत्र (Enrolment Form) की प्रिन्ट प्रति, मूल स्थानान्तरण–प्रमाण पत्र (T.C.) / प्रवजनः प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) या इस आशय का प्रार्थना–पत्र प्रतियाँ संलग्न करें कि मैं एक माह की अवधि में टी.सी. या प्रवजनः प्रमाण–पत्र जमा करवा दूंगा अन्यथा विश्वविद्यालय को आवेदन–पत्र निरस्त करने का अधिकार होगा।

ग) यदि आवेदक इस विश्वविद्यालय में पूर्व में पंजिकृत (Enrolled) है परन्तु अन्यत्र अध्ययन या अन्य किसी कारणवश इस विश्वविद्यालय से प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) निकलवा चुका है तो वहाँ से प्रव्रजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate) पुनः प्राप्त कर मूल ही आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करें या इस आशय का प्रार्थना–पत्र प्रतिया संलग्न करें कि मैं एक माह की अवधि में प्रव्रजन प्रमाण–पत्र जमा करवा दूंगा अन्यथा विश्वविद्यालय को आवेदन–पत्र निरस्त करने का अधिकार होगा।

घ) स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में इस विश्वविद्यालय में नये परीक्षा आवेदन करने वाले परीक्षार्थी यदि पूर्व कक्षा में नियमित रहे हैं तो चरित्र प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें।

ड़) स्नातक प्रथम वर्ष में परीक्षा आवेदन करने वाले आवेदक सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की अंकतालिकाएं एवं प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें।

च) स्नातक द्वितीय / तृतीय वर्ष में परीक्षा आवेदन करने वाले आवेदक अपनी पूर्व कक्षा की मुख्य परीक्षा / पूरक परीक्षा / अनिवार्य विषय उत्तीर्ण की अंक तालिकाओं की स्व–प्रमाणित प्रतियाँ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

छ) स्नातकोत्तर अन्तिम वर्ष में परीक्षा आवेदन करने वाले आवेदक अपनी पूर्व कक्षा की अंक तालिका स्व–प्रमाणित प्रतियाँ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

ज) आवेदक परीक्षार्थी यदि विकलांग हो ऑन–लाईन आवेदन पत्र में अंकननुसार अधिकृत अधिकारी से जारी विकलांगता प्रमाण–पत्र निर्धारित स्थान पर स्केन कर अपलोड़ करे एवं साथ ही स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

झ) विश्वविद्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति JNVU/Aca/A/8931 दिनांक 27.09.2003 के अनुसार इस विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं उनके अश्रितों (केवल दो वार्डस तक) को परीक्षा शुल्क में छुट होगी। परीक्षा शुल्क में छुट हेतु इस विश्वविद्यालय का नियमित अशैक्षणिक कर्मचारी होने का संबंधित विभागाध्यक्ष या सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

ट) अन्य कोई दस्तावेज/प्रति जो आवेदक/संग्रहण केन्द्र द्वारा संलग्न की जानी उचित/आवश्यक समझी जाए।

8. आवेदक परीक्षार्थी उपर्युक्तानुसार अपने से सम्बन्धित सभी प्रतियों के मूल दस्तावेज संग्रहण केन्द्र पर साथ लेकर जाये ताकि वहाँ सम्बधित कर्मचारी/अधिकारी द्वारा जाँच की जा सके।

9. आवेदक परीक्षार्थी आवेदन–पत्र जमा कर रसीद अवश्य प्राप्त करें।

**नोट :**
1. **उपर्युक्त दिशा–निर्देश आवेदक परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दिये गये हैं तथा अन्तिम नहीं है। उपर्युक्त में संग्रहण केन्द्र द्वारा यदि आवयक हो तो कोई अन्य दस्तावेज की मांग की जा सकती है।**
2. **पूर्व छात्र/छात्राएँ (EX- STUDENTS) सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में अपने परीक्षा आवेदन पत्र की प्रिन्ट प्रति जमा करवायेंगे।**
3. **गलत सूचना के आधार पर किसी प्रकार की रियायत लेने पर ऐसे परीक्षा आवेदन–पत्र को स्वीकार करने या नहीं करने का अधिकार विश्वविद्यालय का होगा।**
4. **कृपया इस बात का विशेष ध्यान रखें की स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को नियमित छात्रों को अध्ययन करवाये जाने वाले पाठयक्रम अनुसार ही परीक्षा देनी होगी। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा कोई नवीन पाठ्यक्रम चुनने की अनुमति नहीं होगी।**

**Sd/-**
**प्रो. के.आर.गेनवा**
**परीक्षा नियंत्रक**